This question paper contains 2 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **5224**

Unique Paper Code : **205322** **C**

Name of the Paper : **Sampadan Aur Reporting**

Name of the Course : **B.A. (Hons.) Hindi Patrakarita**

Semester : **III**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. किसी घटना विशेष के समाचार में परिवर्तित होने के लिए उसमें किन मूल कारकों/तत्वों का योगदान होता है ? समाचार बनने की प्रक्रिया में सनसनी जैसे कारक को कितनी प्राथमिकता दी जानी चाहिये ?

अथवा

हिंदी की दो प्रमुख एजेंसियों का विवरण दीजिए । क्या हिंदी की एजेंसियों को महज अनुवाद केंद्र के तौर पर देखा जा सकता है ? 15

2. रिपोर्ट लेखन के बुनियादी सिद्धांतों का वर्णन करते हुए बताइये कि अगर आपको कश्मीर में अलगाववादी संगठनों की रिपोर्टिंग के लिये भेजा जाए तो रिपोर्टिंग के दौरान रिपोर्टर को क्या-क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए ?

अथवा

न्यू मीडिया के दौर में अखबार के रिपोर्ट लेखन की तकनीक में आए बदलाव को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । रिपोर्टर के उत्तरदायित्वों का संक्षिप्त विवरण दीजिए । 15

P.T.O.

3. संवाददाता बनने के लिए आवश्यक न्यूनतम अर्हताओं का वर्णन करते हुए अखबारों और टेलीविजन चैनलों में काम करने वाले संवाददाताओं के सामने आने वाली चुनौतियों को स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

विकास पत्रकारिता से क्या अभिप्राय है ? विकास पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डालिये । 15

4. संपादकीय विभाग की संरचना बताते हुए संपादक के मुख्य कार्यों का उल्लेख कीजिए ।

अथवा

आनलाईन और वीडियो सम्पादन के इस दौर में सम्पादन की चुनौतियों पर प्रकाश डालिये । पेड़ न्यूज की बढ़ती प्रवृत्ति के बीच संपादक की भूमिका की समीक्षा कीजिए । 15

5. किन्हीं **दो** विषयों पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 2×7.5=15

(अ) प्रबंधन **बनाम** सम्पादकीय संघर्ष

(ब) कार्टून और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

(स) राजनैतिक रिपोर्टिंग **बनाम** निष्पक्षता

(द) भारत में विज्ञान पत्रकारिता ।